


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 03 मार्च, शुक्रवार, 2023




## भारत सरकार ने मीडिया के माध्यम से देश को "भारत जोड़ो यात्रा" की ताकत को देखने , सुनने और समझने से रोकने का प्रयास किया लेकिन जब श्री राहुल गांधी जी विश्वविख्यात कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में "लर्निंग टू लिसन इन द 2123 सेंचुरी" पर बोल रहे थे तो पूरी वैश्विक बिरादरी सुन रही थी.

### संपादक की कलम से





हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**




-डॉ0 संजय कुमार,

संपादक, कांग्रेस दर्पण सह कॉंग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

# कांग्रेस के विचारों को घर घर पहुंचाने का संकल्प

पटना।कांग्रेस दर्पण



आज दिनांक 1 मार्च 2023 को बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद, पिछड़ा प्रदेश सचिव शेष चन्द यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी,जय प्रकाश यादव, मुन्ना साह, मुकेश प्रसाद,मोहन चौधरी, शुत्रघ्न साह इरफान अंसारी वगैरह न प्रखण्ड बगहा एक के विभिन्न पंचायतों में जाकर पिछड़ा व अति पिछड़ा विभाग का पंचायत अध्यक्षों को मनोनीत किया गया और कांग्रेस के विचारों को घर घर पहुंचाने का संकल्प पंचायत अध्यक्षों ने लिया भैंसही पाडरखाप पंचायत से जितेन्द्र पंडित,नड्डा पंचायत से श्रीमति रूखमणी देवी, भैंरोगंज से मुकेश प्रसाद, कोल्हुआ से सुनील साह,रायबारी महुवा से मनोज ठाकुर,सलहा बरियरवा से इरफान अंसारी,सिसवा बसंतपुर से अवधेश सोनी,मझौवा से त्रिलोकी ठाकुर , बथवरिया से लालधर यादव को पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया बैठक कि अध्यक्षता पिछड़ा व अति पिछड़ा विभाग के प्रखण्ड अध्यक्ष हरि पंडित व संचालन युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने किया बैठक में मीना देवी,रानी देवी, दुर्गा पंडित, सुधाकर शुक्ला,लक्ष्मन चौधरी वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## काफी संतुलित है बिहार का बजट। मो. दिलकश खान

हमारे बिहार में बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है. अब भी सरकार इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है इस कारण बड़े बड़े शहरों की ओर पलायन भी तेजी से हो रहा है. लेकिन इस बार बजट में युवाओं के लिए बहुत कुछ है. खासकर स्टारटप योजना से जुड़कर युवा वर्ग दूसरे को रोजगार उपलब्ध करा सकेंगे. बजट काफी संतुलित है. इसमें शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार के साथ ही गांव के विकास पर पूरा ध्यान दिया गया है गलियों को सोलर लाइट से जगमग करने की योजना काबिल ए तारीफ है

**मो. दिलकश खान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम सीतामढ़ी एवं समाजसेवी वार्ड नं 33 तलखापुर**



## गैस के दाम बढ़ाना गरीब एवं मध्यम परिवार के प्रति क्रूर मजाक किया है



पटना।कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 02/03/2023 दिन गुरुवार को गया जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजेन्द्र आश्रम के सभागार में जुटे जिला पदाधिकारी गण एवं जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि होली पर गैस के दाम 50रुपये प्रति सिलेंडर एव कमर्शियल गैस 350 रु बढ़ाकर गरीब एवं मध्यम परिवार के प्रति क्रूर मजाक किया है।तीन राज्यों के चुनाव पश्चात दाम बढ़ाना जनता के प्रति मजाक है।

लगातार गैस के किमत में बढ़ोतरी से गया जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है। केंद्र सरकार शीध्र बढ़े मूल्य को वापस ले अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

आक्रोश व्यक्त करने वाले में जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, युगल किशोर सिंह, धर्मेंद्र निराला, मोहम्मद खैरूदीन, दामोदर गोस्वामी, प्रदीप शर्मा, बबलू शर्मा, शशिकांत सिंहा, विनोद सिंह, बाबुलाल प्रसाद सिंह, डाक्टर गगन मिश्रा, ज्ञानेंद्र शिशु, जगदीश प्रसाद यादव, कमलेश चंद्र वंशी, शिवकुमार चौरसिया लब्बी सिंह, रामसेवक कुशवाहा, शिवनाथ प्रसाद आदि ने आक्रोश व्यक्त किये हैं।

**भवदीय**
**चंद्रिका प्रसाद यादव**
**अध्यक्ष**
**जिला कांग्रेस कमेटी गया।**

## गरीबों के साथ विश्वासघात : श्रीमती सुशीला देवी



पटना।कांग्रेस दर्पण

आज जिस तरह से इस सरकार ने गरीबों के साथ साथ हमारे मजदूर, किसान, बेरोजगार, बीमारी से ग्रसित देश के जनता को तंग करने का काम करने में मस्त है यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, यह मोदी सरकार ने

बार बार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा कर जनता को भुखमरी में धकेल कर अपनी औकात को दिखा रहा है लेकिन समय एक सा नहीं होता जनता आने वाले चुनाव में सरकार को कुर्सी से उतार कर इनको अपनी औकात दिखाएगी। युक्त बातें भोजपुर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी ने निरंतर बढ़ रहे गैस सिलेंडर के दाम को लेकर कहीं। उन्होंने कहा कि गाँव गाँव से लेकर घर घर में हम इस बात से अवगत कराएँगे। अब हम चुप नहीं बैठेंगे। अपनी पुरानी तलवार को तेज कर रही हूँ ताकी इस राक्षसी सरकार को जड़ से खतम कर सकूँ। इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश सचिव चन्द्रपोला सिंह यादव, सेवथा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मो सम्फराज अंसारी, भोजपुर युवा कांग्रेस के सचिव वीरबहादुर महतो, सार्यभौम सिंह, सौर्यभौम सिंह, के साथ साथ सैकड़ो नेताओ ने भाग लिया।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम का आयोजन गया शहर प्रखंड तीन के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में किया गया


**शरद पवार ने कहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाले महागठबंधन में एनसीपी एक सहयोगी के रूप में काम करने को तैयार है**

पटना । कांग्रेस दर्पण



आज गया शहर के प्रखंड तीन अंतर्गत विष्णुपद मंदिर, करसिल्ली, दक्षिण दरवाजा, चांद चौरा, आदि जगहों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम आयोजित कर आमजन के बीच राहुल गांधी का संदेश तथा मोदी सरकार के विफलताओं का कच्चा चिट्ठा वितरित किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, दीपू लाल भैया, अभिषेक श्रीवास्तव, अजय राज, उमाकांत धोकड़ी, तपेश्वर पूरी, सरोज पांडेय, संजय तिवारी उर्फ मुन्ना, आदि ने जगह, जगह नुक्कड़ पर हाथ से हाथ जोड़ कर मोदी सरकार के विफलताओं जैसे बढ़ती हुई कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ जम कर आवाज बुलंद किया। नेताओ ने कहा की आज देश में हम दो हमारे दो, यानी मोदी, शाह, अडानी, अंबानी का शासन चल रहा है, जनता की गाढ़ी कमाई को चंद पूंजीपतियों के बीच लुटाई जा रही है। नेताओ ने कहा की अडानी प्रकरण के खिलाफ प्रखंड, जिला एवम् राज्य मुख्यालयों पर प्रदर्शन एवम् पर्दाफाश रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताओ ने कहा की मोदी सरकार कुछ का साथ, खुद का विकास, सबके साथ विश्वासघात वाली नीति के तहत काम कर रही है। देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाए सभी के साथ अन्याय हो रहा है।

**विजय कुमार मिठू**




## बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ हल्ला बोल और प्रधानमंत्री का पुतला दहन




पटना । कांग्रेस दर्पण

भारतीय युवा कांग्रेस एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास जी के निर्देशानुसार नालंदा जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस विवेकानंद पासवान जी के नेतृत्व में आज दिनांक 2 मार्च 2023 के दिन बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ हल्ला बोल और प्रधानमंत्री जी का पुतला दहन किया गया ,इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष बिहार शरीफ इंजीनियर टीपू , अमोद कुमार,अमितांश , शहजाद, तौशीफ,अरमान ,पप्पू, हारून,पंकज कुमार,मुजाहिद,परवेज,मनीषकुमार,सनी , नीरज,और भी कई कार्यकर्ता शामिल थे

# पूर्व विधायक बुधन यादव का निधन बिहार की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षतिःडॉ चंद्रिका प्रसाद यादव



**भारतीय सीमा पर चीन के अतिक्रमण और इस बारे में मोदी सरकार की खामोशी के विरोध में All India Mahila Congress की अध्यक्ष ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार प्रदर्शन किया।**

## मांझी के पूर्व कांग्रेस विधायक बुधन प्रसाद यादव अब नहीं रहे शोक की लहर

पटना।कांग्रेस दर्पण

सारण जिले के मांझी विधानसभा क्षेत्र से 2बार कांग्रेस के विधायक रहे बुधन प्रसाद यादव की असामयिक निधन पर मशरक कांग्रेस कार्यकर्ताओ के द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि केदारनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, ब्रह्मदेव दास, लालबाबू सिंह, विक्रमा सिंह, पप्पू तिवारी, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सेराज अहमद शामिल है। शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि केदारनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि बुधन यादव जी आजीवन कांग्रेसी और गांधी विचारधारा के वाहक रहे। इसी के कारण उन्हें 2 बार जनता ने सेवा करने का मौका दिया। इनके निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुआ है। जिसकी पूर्ति निकट भविष्य में असम्भव है। परमात्मा उनको अपने चरणों मे शरण दे।

**ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री तारिक अनवर ने भी शोक व्यक्त किया।**

**1985 में सारण के मांझी विधानसभा से पहली बार कांग्रेस पार्टी के विधायक बने।।**


पटना।कांग्रेस दर्पण

जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने सारण के मांझी विधानसभा से विधायक रहे बुधन यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बुधन यादव मांझी विधानसभा के चैनपुर गांव के रहने वाले थे और पहली बार कांग्रेस पार्टी से वर्ष 1985 में मांझी विधानसभा से विधायक बने। उनका निधन

राज्य के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। इधर, बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और एआईसीसी के महासचिव श्री तारिक अनवर ने भी बुधन यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉक्टर यादव ने बताया की बुधन यादव जी



अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए। उनके निधन पर कांग्रेस दर्पण के संपादक डॉक्टर संजय यादव, कार्यकारी संपादक शिशिर कौण्डिल्य, राज छवि राज, युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार , आदि नेताओं ने पर गहरा शोक व्यक्त किया।







# सिलेंडरों के मूल्य बृद्धि से जनता पस्त और अंधभक्त मस्त : अविनाश

## केंद्र सरकार के तुगलकी शासन से भारतीय जनता पस्त नजर आ रही है

पटना ।कांग्रेस दर्पण

बर्तमान केंद्र सरकार का मात्र एक ही उद्देश्य है कि किस प्रकार भारत के मध्य बर्ग और किसान और मजदूर के मौजूदा बजूद को रौदा जाय केन्द्र सरकार जानती है कि इस बर्ग को पंगु बनाने का बाद ही पूंजीपति के हाथों में इस देश का रिमोट आये गा और पूंजी पति भाजपा के सरकार का बर्तमान समय मे एक शाखा बनी हुई है इस सरकार की शायद 10 उपलब्धियां जनता को खोजने से नही मिले गी लेकिन इस सरकार की 1000 कुरीतिया पिछले 8 सालों में जरूर मिले गी भारतीय जनमानस का जिस तरह से बर्तमान सरकार ने उपहास किया है कंही न कंही आने वाले समय मे एक गृह युद्ध का आमंत्रण दे रही है केंद्र की बर्तमान निरंकुश भाजपा सरकार उक्त बातें प्रदेश प्रतिनिधि अबिनाश सिंह ने जमुई जिले के खैरा प्रखण्ड में कार्यकर्ता के बीच रखी इस बैठक में पंचायत समिति पति अफजल अंसारी भिमाइन, निम नवादा के पूर्व मुखिया कृष्णा यादव,गोली पंचायत के पूर्व मुखिया सहदेव यादव, पूर्व पंचायत समिति अरुण रजक, पूर्व पंचायत समिति गंगाधर यादव, अर्जुन यादव, मोनू दास सकल देव् यादव, आदि लोग उपस्थिति थे








# कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मांझी के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव का निधन

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मांझी के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव का आज पटना एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक सरल स्वभाव के मृदुभाषी व्यक्ति थे। वे अपने क्षेत्र मांझी विधान सभा में काफी लोकप्रिय थे। वे हमेशा जनता की समस्याओं से रूबरू होते थे तथा उसके निदान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके निधन से पूरे सारण जिले में कांग्रेस पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान उनके मृत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति



दें।

आज बुधन प्रसाद यादव का पार्थिव शरीर संध्या 5:00 पटना एम्स से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम लाया गया जहां प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पांडे ,निर्मल वर्मा सहित अन्य नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार कल दिनांक 3 फरवरी को मांझी घाट पर किया जाएगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव तारिक अनवर,बिहार कांग्रेय के प्रभारी भक्त चरण दास, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, कांग्रेस विधायक दल के नेता अजित शर्मा, विधान परिषद में कांग्रेस विधायक दल के नेता डा0 मदन मोहन झा,अनुशासन समिति के अध्यक्ष कृपानाथ पाठक, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ पूर्व विधायक बंटी चौधरी ब्रजेश पांडेय ,निर्मल बर्मा ने भी बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जहानाबाद जिला कमेटी के साथियों से निवेदन है कि05 मार्च 2023को श्रम अधीकार दिबस टाउन हॉल जहानाबाद के प्रांगण में आयोजन किया गया है जिसके कारण 06 मार्च 2023 को दोपहर 12बजे से रंगों का महापर्व का इंटक जिला कार्यालय प्रेमनगर होरीलगज, के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है इस अवसर पर आप सभी साथियों से निवेदन है कि तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर आपसी भाईचारा को बनाए रखने का कृपा करें आपका ही साथी इंटक जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा सह सीएलयू प्रदेश महासचिव बिहार



**ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई इकाई जिलाध्यक्ष निशांत यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया....बैठक में सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरुकता और घरेलू गैस के दरों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन की रणनीति पर सहमति बनी।**



**पश्चिम बंगाल के 'सागरदिघी' विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बायरन बिस्वास 51 साल बाद जीते पश्चिम बंगाल विधानसभा में कांग्रेस का 'MLA' होगा**



**केंद्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सहरसा जिला में कांग्रेसियों द्वारा मुख्य बाजार के व्यस्ततम जगह शंकर चौक पर एलपीजी गैस में मूल्य वृद्धि के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक ते हुए।**

## पुतला दहन कर एक प्रतिरोध सभा का आयोजन

दिनांक 02/03/2023 को भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर तथा बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार समस्तीपुर युवा कांग्रेस के तत्वधान में भारत सरकार द्वारा घरेलू गैस पर 50₹ और व्यवसायिक गैस पर 350₹ मूल्य वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर एक प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर जी, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो० मोहिउद्दीन तथा प्रदेश सचिव अमृत कुमार झा ने भाग लिया।

# गांधी दर्शन ही कांग्रेस की संजीवनी है

पटना ।कांग्रेस दर्पण

वर्तमान समय में भारत की राजनीति विशुद्ध रूप से पूंजीवादी व्यवस्था के गिरफ्त में आ चुकी है। जनता के दिमाग में भी यह भर दिया गया है कि भारत तभी तरक्की कर सकता है जब देश में पूंजीवादी व्यवस्था रहेगी । साम्यवादी व्यवस्था का प्रयोग भारत के कुछ राज्यों में वर्षों तक किया गया लेकिन उसके परिणाम भी संतोषजनक नहीं निकले जिसके चलते भारत की जनता सहजता से पूंजीवादी व्यवस्था की ओर बढ चली है । भारत में पांच किलो मूंगफली लेकर बेचने बाला या सडक के किनारे ठेले पर अंडा बेचनेवाला व्यक्ति भी बहुत बडा धन्नासेठ बनने का प्रयास करने लगता है और शिक्षा के अभाव में वह गलत रास्ते से अपने सपनों को साकार करने में लग जाता है । जनता की यही धन्नासेठ बनने वाली कमजोर नश को भाजपा और उसकी मातृसंस्था आर. एस. एस. ने पकडा और एक सुनियोजित तरीके से आम लोगों को पकड़ा बेचने ठेला लगाने अर्थात छोटे छोटे रोजगार की ओर जाने को प्रोत्साहित किया और उधर सारे अच्छे अच्छे शिक्षण संस्थानों ,विश्वविद्यालयों आदि को नष्ट करने का षड्यंत्र किया ,स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गयी है । सरकारी विद्यालयों और विश्वविद्यालयों को शिक्षक विहीन बनाकर बच्चों के भविष्य को विगाड दिया गया । यही तो भाजपा चाहती थी , उधर कुछ थोडे पुराने पढे लिखे धार्मिक विचार वाले लोगों के लिए जय श्रीराम के नारों तले बजरंग दल का भगवा ध्वज लहरा ही रहा है धार्मिक उन्माद और कहिए धार्मिक कट्टरता को धार दिया ही जा रहा है ,इस्लाम का भय इस कदर भर दिया गया है कि मानो भाजपा हटी कि भारत इस्लामिक देश हो जायगा । प्रचार तंत्र पूर्णतः सरकार के कब्जे में है ।लोगों को सुनाया दिखाया वही जाता है जो सरकार चाहती है । उधर विपक्षी दलों के नेताओं को सीबीआई, ईडी आदि से भयभीत किया जाता है और नेताजी भयभीत हो भी जाते है क्योंकि उन्होंने भी गांधीजी के आदर्शों पर चलना छोड दिया है ।यही कारण है कि भयंकर महगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के बाबजूद अधिकांश जनता भाजपा से अलग नहीं हो पा रही है । जनता ही नहीं वैसे नेता भी जो लोभ मोह और मायाजाल में फंसे हैं वे भी अपना कल्याण भाजपा की शरण में ही जाने मे समझते हैं और जा भी रहे हैं ।

पूरे देश में अगर गैर भाजपाई दलों की बात की जाय तो एक मात्र राहुल गांधी जी ही हैं जो चट्टान की तरह डटे हुए हैं जो भाजपाई झंझावातों से, आर एस एस की कुचाल से जरा भी नहीं घबराते हैं ,अडिग है निडर हैं और शेर की तरह अकेला दहाड रहे हैं ।

मै राजनीति शास्त्र का विद्यार्थी रहा हूँ , वकालत करता हूँ दुनिया की शासन व्यवस्था को पढा है समझा है इसलिए मै यह नहीं कहता हूँ कि पूंजीवादी व्यवस्था खराब है । हर आदमी बडा बनना चाहता है बहुत अमीर बनना चाहता है तो बहुत अमीर बनने के लिए पूंजीवादी व्यवस्था अच्छी है लेकिन इसके लिए पूंजीवादी व्यवस्था वाली सरकार होनी चाहिए न कि पूंजीवादी की सरकार होनी चाहिए।अर्थात सरकार का नियंत्रण पूंजीपतियों पर हो न कि पूंजीपतियों के नियंत्रण में सरकार हो ।

भारत की भाजपा सरकार पूर्णतः पूंजीपतियों के नियंत्रण में आ चुकी है और सरकार उन्हीं चन्द पूंजीपतियों के हित के लिए काम कर रही है जो पूंजीवादी व्यवस्था का विकृत रुप है। यही विकृत स्वरूप आगे चलकर तानाशाही का रुप लेगा और ले रहा है जिसे यदि समय रहते नहीं रोका गया तो भारत में एक नये तरह की दास प्रथा का उदय होगा जिसका श्री गणेश हो चुका है ।

इससे मुक्ति का एकमात्र उपाय है कि महात्मा गांधी आदर्शों पर चलकर गांधी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना होगा सभी नेताओं को राहुल गांधी जी की तरह सत्य के मार्ग का अनुसरण करना होगा , मनसा बाचा और कर्मना से इमानदार और कर्मठ होना होगा ।जब तक आप इमानदार नहीं होंगे तबतक आप निडर नहीं हो सकते हैं ,सत्य एक ऐसा अस्त्र है जो आपको अन्दर और बाहर से मजबूत बनाता है और जब आप इमानदारी पूर्वक सत्य के मार्ग पर चलेगे तो आपको न तो सीबीआई का डर होगा न ईडी का न पुलिस आपका कुछ बिगाडेगा न न्यायालय ।

यह कहने में मुझे जरा भी संकोच नहीं हो रहा है कि हम आज महात्मा गांधी के विरासत को दृढता से आगे बढाने में कमजोर हो रहे हैं । गांधी के आदर्शों पर चलनेवाले नेताओं की कमी देखी जा रही है और यदि कुछ हैं भी तो उन्हें हतोत्साहित किया जा रहा है हीन भाव से देखा जा रहा है । गांधी विचार और दर्शन को कांग्रेस पार्टी ही आगे बढा सकती है और जितनी तेजी से इसे आगे बढाया जायगा उतनी ही तेजी से आर एस एस और भाजपा की विकृत पूंजीवादी व्यवस्था का अन्त होता चला जायगा । गांधीवादी व्यवस्था में गांधी विचार दर्शन में पूंजीवादी व्यवस्था और साम्यवादी व्यवस्था को भारतीय परिपेक्ष्य में ढालने का प्रयास किया गया है जिसे पंडित नेहरू और उनके बाद की सरकारों भारत में लागू कर दुनिया के सामने एक नजीर पेश किया देखते ही देखते भारत दुनिया का बेहतरीन राष्ट्र बन गया । गांधी के हत्यारों वाली विचार धारा को यदि परास्त करना है तो गांधी के दिए अस्त्रों से ही लडना होगा , भय के माहौल को निर्भिकता से ही भगाना होगा ,झूठों मक्कारों को सत्य की तलवारों से ही धाराशाही करना होगा ।

**अजय कुमार झा**
**कांग्रेस नेता**
**164 तारापुर विधानसभा क्षेत्र**
**(मुंगेर) बिहार ।**

## बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमत मे लगातार बढ़ोतरी के खिलाफ मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन



पटना ।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 02/03/2023 को पाटन ग्रामीण युवा कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष आशीष राज उर्फ रहीश यादव की अध्यछता मे एवं साथ मे युवा पटना जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहिद आलम विक्रम विधानसभा अध्यक्ष पवन कुमार, विक्रम प्रखंड अध्यक्ष प्रफुल कुमार के साथ नौबतपुर मे नेशनल हाईवे 39 को जाम कर केंद्र सरकार की बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमत मे लगातार बढ़ोतरी के खिलाफ मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किये ।

## जनता का आर्थिक एवं मानसिक दोहन निन्दनीय

पटना ।कांग्रेस दर्पण



मोदी सरकार की भारत की भोली भाली जनता को लूटने में मशगूल हो गई है।अभी अभी घरेलू गैस के एक सिलेंडर पर50रुपए और कॉमर्सियल सिलेंडर पर350रुपये की बढ़ोतरी इसका प्रमाण है।एक तरफ प्रचारित किया जाता है कि हमने गैस कैनेक्साइन मुफ्त जनता को दे रहे हैं और दूसरी तरफ जनता का आर्थिक एवं मानसिक दोहन निन्दनीय है।अतः जल्द से जल्द बढ़े दाम वापस लिया जाय।अन्यथा हम आंदोलन के लिए वाद्य होंगे।कांग्रेस की राजस्थान सरकार अभी भी500रुपये में जनता को स्लेंडर उपलब्ध करा रही है।और मोदी सरकार रोज रोज दाम बढ़ाने में लगी है।सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।



# राजद के दिवंगत नेता कारू यादव के परिजनों से मिले डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव



## परिवार को दिया आर्थिक मदद एवं उनकी दोनों पुत्रियों को डी. एल एड की पढ़ाई निःशुल्क करवाने की घोषणा की

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

जिले के जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने काको प्रखंड के बेदौली गांव के रहने वाले राजद नेता कारू यादव जिनकी असामयिक मृत्यु हो गई थी। उनके परिवार से मुलाकात की एवं उन्हें ढाढस बंधाया। इस दौरान डॉ यादव के द्वारा उनके परिवार को आर्थिक मदद भी की गई। इस मौके पर डॉक्टर यादव ने स्व. कारू यादव की दोनों बच्ची नेहा कुमारी और उसकी छोटी बहन को डी एल एड की पढ़ाई निः शुल्क करवाने की घोषणा भी की।

# फकीरचंद राम जी के स्मारक स्थल व उनके चित्र पर पुष्प मालार्पण




पटना। कांग्रेस दर्पण

अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उमेश कुमार राम ने सकरा (सु०) विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक एवं मुख्य सचेतक स्व० फकीरचंद राम जी के स्मारक स्थल व उनके चित्र पर पुष्प मालार्पण कर उनकी 81वीं जयंती मनाई। श्री राम ने स्व० फकीरचंद राम जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेकर अपनी शिक्षा ग्रहण किया तदोपरान्त आदर्श मध्य विद्यालय पटना में सरकारी शिक्षक की नौकरी किया। स्व० राम अपने छात्र जीवन से राजनीति में रूचि रखने वाले भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबूजी जगजीवन राम जी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी व नेहरू - गांधी परिवार में आस्था रखते हुए सरकारी शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र देकर सकरा (सु०) विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुना लड़ा और चुनाव जीत कर विधायक बने अपने विधायक काल में सकरा के चौतरफा विकास के लिए सकरा कॉलेज सकरा को सरकारीकरण कराया, फिशरी कॉलेज ढोली सहित अनेकों महत्वपूर्ण व सराहनीय कार्य किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में :- अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य उमेश कुमार राम, सकरा प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रामसागर प्रसाद, मुरौल प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रामनवमी प्र० ठाकुर, स्व० राम जी की पत्नी श्रीमती सुनैना देवी, लालाबाबू राय, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि अनिता देवी, श्रद्धा खुशी राज, शिवम कुमार, अमित कु० चौधरी, शिवचंद्र मालाकार, प्रशांत राज, मो० जिशान अहमद, शिवजी राय, राजकुमार झा, संजय दास, सिद्धार्थ कुमार, प्रेम कु० मिश्रा, सुधीर कु० पाण्डेय, रौशन कु० कुशवाहा, राजेश कु० शुक्ला, पंकज कुमार, रामचन्द्र राम, फुल कुमारी देवी, रौशन कुमार, बसंत राम, राकेश कु० राय, मनोज कु० सिंह, धीरज कुमार सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भवदीय - उमेश कुमार राम, अध्यक्ष, अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद एवं सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी।

# हाथ जोड़ो कार्यक्रम के साथ राहुल गांधी की चिट्ठी घर-घर पहुंचाने के कार्य का आगाज



पटना। कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बिहार प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार परिहार विधानसभा क्षेत्र में परिहार प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष एम आई आदिल की अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के साथ राहुल गांधी की चिट्ठी घर-घर पहुंचाने के कार्य का आगाज किया गया।

बेतहा पंचायत के सिसवा गांव में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिहार विधानसभा प्रभारी सह प्रदेश प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि नफरत के खिलाफ मुहब्बत के जननायक राहुल गांधी के पैगाम और संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने के साथ पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का काम निरंतर जारी रहेगा। शम्स ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राहुल गांधी की चिट्ठी पढ़कर सुनाया। साथ ही मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटा। गांव में हर दरवाजे पर भारत जोड़ो यात्रा का स्टीकर भी चिपकाया गया।

स्थानीय नागरिक मास्टर बारिक, बदरे आलम, प्रेम शंकर यादव, तौकीर, मो.अख्तर, अमानुल्लाह, मो.सफाउल्लाह, मो. रकीबुल, मो.सगीर, बद्री राय, इंदल सिंह, सुकेश्वर राम, खट्टर राम, आरिफ हुसैन, मो. सहादत आदि के परिवार से घर-घर संपर्क कर उन्हें भारत यात्री सांसद राहुल गांधी द्वारा लिखी गई चिट्ठी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो. नसीरुल हसन के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, परिहार विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. अजहरुद्दीन, राजीव कुशवाहा, मो.मंजर आलम, जय प्रकाश राय, शाह मेराज, दानिश, इस्लाम अंसारी, मो.किरानी, मो.अख्तर आदि ने मुख्य रूप से सहयोग किया।

# भारत जोड़ो यात्रा की कहानी राहुल गांधी की जुबानी

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

रायपुर महाधिवेशन के दौरान ः

राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा की दिल छूने वाली यादों को किया था साझा, कहा- हाथ पकड़ते ही समझा लोगों का दर्द !

कांग्रेस महाधिवेशन के आखिरी दिन राहुल गांधी गांधी का संबोधन हुआ था। इस दौरान राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ी यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने इस यात्रा को पूरा किया।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन के आखिरी दिन राहुल गांधी ने संबोधित किया था। उन्होंने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि चार महीने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत जोड़ो यात्रा हमने की। वीडियो में आपने मेरा चेहरा देखा, लेकिन मेरे साथ लाखों लोग चले थे। हर राज्य में चले। बारिश में गर्मी में, सर्दी में एक साथ हम सब चले। बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं जब वीडियो देख रहा था तो मुझे बहुत बातें याद आ रही थीं। वीडियो में आपने देखा होगा, पंजबा में एक मैकेनिक आकर मुझ से मिला। सालों की जो उसकी तपस्या थी, सालों का जो उसका दर्द था, जैसे ही मैंने उसके हाथ पकड़े, मैंने उसकी बात पहचान ली। वैसे ही लाखों किसान जैसे ही हाथ पकड़ते थे, जैसे ही गले लगते थे। एक ट्रांसमिशन सा हो जाता था। शुरूआत में बोलने की जरूरत होती थी। क्या करते हो, कितने बच्चे हैं। क्या मुश्किलें है। यह एक डेढ़ महीना चला। उसके बाद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे ही हाथ पकड़ा, गले लगे, सन्नाटे में एक शब्द नहीं बोला जाता था। मगर जो उनका दर्द था, उनकी मेहनत थी, एक सेकेंड में मुझे समझ आ जाया करती थी। उनसे जो मुझे कहना होता था बिना कुछ बोले वह समझ जाते थे।

राहुल गांधी ने कहा, आपने वह बोट देखी होगी केरल में। उस समय मैं जब मैं नाव में बैठा था। पूरी टीम के साथ था, मेरे पैर में भयंकर दर्द था। मैं उस फोटो में मुस्कुरा रहा हूं, लेकिन उस समय मुझे रोना आ रहा था। इतना दर्द था। मैंने यात्रा शुरू की, काफी फिट आदमी हूं। 10-12 किलोमीटर ऐसे ही दौड़ लेता हूं। घमंड था, मैंने सोचा था कि 10-12 किलोमीटर चल लेता हूं। तो 20-25 किलोमीटर चलने में कौन सी बड़ी बात है। मेरे दिमाग में यह बात थी। पुरानी चोट थी। कॉलेज में चोट लगी थी फुटबॉल खेलते समय। मैं दौड़ रहा था कि मैरे दोस्त में पीछे से अड़ंगी मार दी और घुटने में चोट लगी। दर्द गायब हो गया था सालों के लिए। और अचानक जैसे मैंने यात्रा शुरू की दर्द वापस आ गया। आप मेरे परिवार हो तो मैं आप से कह सकता हूं। सुबह उठता था तो सोचता था कि कैसे चला जाए, फिर उसके बाद सोचता था कि 25 किलोमीटर नहीं, 3500 किलोमीटरर चलना है कैसे चलूंगा। और फिर कंटेनर से उतरता था और चलना शुरू करता था। लोगों से मिलता तो पहले 10-15 दिन में जिसको अहंकार कह सकते हो, घमंड कह सकते हो वह सारा गायब हो गया। क्यों गायब हुआ? क्योंकि भारत माता ने मुझे मैसेज दिया कि देखो अगर तुम कन्याकुमारी से कश्मीर चलने निकले हो तो अपने दिल से अहंकार मिटा दो, घमंड मिटाओ नहीं तो मत चलो। मुझे यह बात सुननी पड़ी,



कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, मेरी मां मंच पर यहीं बैठीं हैं, मैं छोटा सा था 1977 की बात है। चुनाव आया, मुझे चुनाव के बारे में मालूम नहीं था। मैं 6 साल का था। एक दिन घर में अजीब सा माहौल था। मैं मां के पास गया, मैंने मां से पूछा कि मां क्या हुआ? मां ने कहा कि हम घर छोड़ रहे हैं। तब तक मैं सोचता था कि वह घर हमारा था। मैंने अपनी मां से पूछा कि मां हम अपने घर को क्यों छोड़ रहे हैं? पहली बार मेरी मां ने मुझे बताया कि यह घर हमारा नहीं है। यह सरकार का घर है, अब हमें यहां से जाना है। मैंने मां से पूछा कि हमें कहां जाना है। उन्होंने कहा कि नहीं मालूम कहां जाना है। मैं हैरान हो गया। मैंने सोचा था कि वह हमारा घर था। 52 साल हो गए मेरे पास घर नहीं है। आज तक घर नहीं है। हमारे परिवार का जो घर है। वह इलाहाबाद में है। वह भी हमारा घर नहीं है। जो घर होता है उसके साथ मेरा अजीब सा रिश्ता है। मैं 12 तुगलक लेन में रहता हूं। लेकिन मेरे लिए वह घर नहीं है।

राहुल गांधी ने कहा, जब मैं कन्याकुनारी से निकला, मैंने अपने आप से पूछा कि मेरी जिम्मेदारी क्या बनती है। अब मैं चल रहा हूं भारत का दर्शन करने निकला हूं, हजारों लाखों लोग निकले हैं। मेरी क्या जिम्मेदारी है? मैंने थोड़ी देर सोचा, फिर मेरे दिमाग में एक आइडिया आया। मैंने अपने दफ्तर के लोगों को बुलाया, जो मेरे साथ चल रहे थे। मैंने उनसे कहा, देखिए यहां पर हजारों लोग चल रहे हैं। धक्का लगेगा, लोगों को चोट लगेगी, बहुत भीड़ है। हमें एक काम करना है। मेरे साइड में मेरे सामने, मेरे आस पास 20-25 फीट जो खाली जगह, जिसमें हिंदुस्तान के लोग आएंगे, हमसे मिलने आएंगे। अगले चार महीने के लिए वह हमारा घर है। यह घर हमारे साथ चलेगा। सुबह 6 से शाम 7 बजे तक हमारे साथ चलेगा। मैंने सबसे कहा कि देखिए इस घर में जो भी आएगा, अमीर हो, गरीब हो, बुजुर्ग हो, युवा हो, बच्चा हो, किसी धर्म का हो, किसी भी राज्य का हो, हिंदुस्तान से बाहर का हो। जानवर हो, उसको यह लगना चाहिए कि मैं आज अपने घर आया हूं। जब वह यहां से जाए उसे लगना चाहिए कि मैं अपने घर को छोड़कर जा रहा हूं। छोटा सा आइडिया था, उसकी गहराई तब मुझे समझ नहीं आई, जैसे ही मैंने यह किया, जिस दिन मैंने यह किया उस दिन यात्रा बदल गई। जादू से बदल गई। लोग मेरे साथ राजनीतिक बात नहीं कर रहे थे। मैंने क्या क्या सुना मैं आपको बता भी नहीं सकता हूं। हिंदुस्तान की महिलाओं ने इस देश के बारे में क्या कहा मैं आपको बता नहीं सकता हूं। युवाओं के दिल में दर्द क्या है और कैसा है मैं आ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, एक मिसाल देता हूं, पता नहीं आपने शायद नहीं देखा हो, हम सुबह-सुबह चल रहे थे। साइड में एक महिला भीड़ में खड़ी थी। झिझक के उसने मेरी तरफ देखा। मैंने जैसे ही उसे देखा, उसे बुलाया। मेरे पास आई, मैंने उसे पकड़ा, मुझे एकदम लग गया कि उसके साथ कुछ ना कुछ गलत हुआ है। जैसे मैं प्रियंका का हाथ पकड़ता हूं वैसे ही मैंने उसका हाथ पकड़ा था। कोई फर्क नहीं। मैंने उस समय चोचा यह मेरी बहन नहीं है, यह मैं क्या कर रहा हूं, जो मेरा प्यार मेरी बहन के लिए है मैं इसे दे रहा हूं, अजीब सा लगा। मेरा हाथ पकड़कर उसने कहा कि राहुल जी मैं आपसे मिलने आई हूं। मैंने पूछा क्या बात है, उसने कहा कि मेरा पति मुझे पीट रहा है। मैंने पूछा कब, उसने कहा कि अभी, मैं घर से भागी हूं। तो मैंने कहा कि पुलिस को बुलाएं, तो उसने कहा कि पुलिस को मत बुलाइए। उसने कहा कि अब मैं वापस फिर से पिटने जा रही हूं। मैं आपको सिर्फ यह बताना चाहती थी कि मेरे साथ क्या हो रहा है। यह महिला अकेली नहीं। ऐसी लाखों करोड़ों महिलाएं इस देश में हैं। यात्रा के दौरान यह सब मुझे सुनने को मिला। इस घर को हम धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर तक ले गए।राहुल गांधी ने कहा, जम्मू-कश्मीर से मेरा परिवार सालों पहले आया। मैंने सोचा कि अजीब सी बात है कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक इस छोटे से घर को ले जा रहा हूं। यहां मुझे लग रहा है कि मैं वापस अपने घर को जा रहा हूं। कश्मीर में हम घुसे, वैली से पहले बर्फ है, धूप है, जैसे आज और हजारों लोग हमारे साथ चल रहे थे। एक लड़का मेरे पास आया, मेरे साथ चला। उसने मुझसे कहा कि राहुल जी मैं आप से एक सवाल पूछना चाहता हूं। मैंने पूछा क्या? उसने कहा कि राहुल जी जब कश्मीक के लोगों को दुख होता, जब हमारे दिल में चोट लगती है तो बाकी हिंदुस्तान के लोगों को खुशी क्यों होती है? मैंने कहा कि गलतफहमी में हो, ऐसी कोई बात नहीं है। मैं कन्याकुमारी से यहां तक आया हूं। मैं दावे के साथ यह कह सकता हूं कि करोड़ों लोगों के दिल में यह भावना नहीं है। करोड़ों लोग हर हिंदुस्तानी के दर्द के साथ खड़े हैं। चुने हुए लोग हैं जो खुश होते हैं। हजारों में होंगे, लेकिन हिंदुस्तान में करोड़ों लोग हैं। लड़के ने मेरी आंख से आंख मिलाया और कहा कि राहुल जी आपने मुझे खुश कर दिया।

लड़के से बात करते हुए मैं देख रहा था कि चारों ओर तिरंगा नजर आ रहा था। हम वैली में घुसे। वैली में घुसते ही बादल छा गए। धूप गायब हो गई। जैसे ही हम घुसे पुलिस वालों ने हमसे कहा था कि दो हजार लोग आएंगे। जैसे ही हम घुसे वहां 40 हजार लोग आ गए। जैसे ही पुलिस वालों ने 40 हजार लोगों को देखा वह रस्सी छोड़कर भाग गए। सब पुलिस वाले गायब हो गए। मैं देख रहा था कि हिंदुस्तान के सबसे आतंकी प्रभावित इलाके में चारों तरफ तिरंगा नजर आ रहा था। कौन तिरंगा उठाए हुए था? कश्मीर के लोगों ने तिरंगा उठा रखा था, हम यात्री तो सिफ 125 थे। हजारों कश्मीरी लोगों ने तिरंगा उठा रखा था। यही कहानी पूरे कश्मीर में देखने को मिली। सीआरपीएफ के लोग कह रहे थे कि हमने यह जिंदगी में नहीं देखा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, फिर मैंने आया और संसद में प्रधानमंत्री जी का भाषण सुना। कहते हैं कि मैंने भी जाकर लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। मैं सुन रहा था। मैंने सोचा, देखिए, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को बात समझ नहीं आई। नरेंद्र मोदी जी ने बीजेपी के 15-20 लोगों के साथ जाकर लाल चौक पर तिरंगा फहराया। भारत जोड़ो यात्रा ने लाखों कश्मीरी युवाओं के हाथों से तिरंगा फहराया। हमने हिंदुस्तान की भवना, इस झंडे की भवना, जम्मू-कश्मीर के युवाओं के अंदर डाल दी। आप अपने झंडे की भावना जम्मू-कश्मीर के युवाओं से छीन ली। यह फर्क है हम में और आप में। यह जो झंडा है, यह जो तिरंगा है, दिल की भावना है, यह दिल के अंदर से आती है। हमने इस भावना को कश्मीर के युवाओं के दिल में जगाया। हमने किसी से आने के लिए नहीं कहा, वह अपने आप आए, हजारों लाखों आए और हाथ में तिरंगा उठाकर चले। क्यों चले? मैं आपको बताता हूं, कश्मीरी युवा ने मुझसे कहा कि राहुल जी आज मैं आपके साथ तिरंगा लेकर चल रहा हूं, जानते हैं क्यों, उसने कहा कि आपने हम पर और मुझ पर भरोसा किया है। आपने अपना दिला हमारे लिए खोला, हम अपना दिल आपके लिए खोलेंगे। यह फर्क है, हिंदुस्तान एक भावना है, एक सोचने का तरीका है, इज्जत है, आदर है, मोहब्बत है। और जो यह जो तिरंगा इसका वह चिन्ह है। इस भारत जोड़ो यात्रा ने इस भावना को पूरे देश में फैलाया है। यह काम राहुल गांधी ने नहीं किया है। यह काम कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया है और हिंदुस्तान की जनता ने किया है।

सरकार की सोच के बारे में आपको बताना चाहता हूं। कुछ दिन पहले इंटरव्यू में एक मंत्री ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था से बड़ी है तो हम उनसे कैसे लड़ सकते हैं। जब अंग्रेज हम पर राज करते थे तो क्या उनकी अर्थव्यवस्था हमारी अर्थव्यवस्था से छोटी थी? इसका मतलब कि जो आप से शक्तिमान है उससे लड़ो ही मत, जो आपसे कमजोर है उससे लड़ो। इसको कायरता कहा जाता है। सावरकर की विचारधारा है, अगर आपके सामने तगड़ा है तो उसके सामने सिर झुका दो।

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**
**महानगर उपाध्यक्ष यूवा कांग्रेस मुजफ्फरपुर**